18/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनस गहर स्तुर ने आज ओस्लो में सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ताएँ कीं। दोनों नेताओं ने भारत-नॉर्वे संबंधों को “ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप” के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति जताई, जो स्वच्छ ऊर्जा, ब्लू इकॉनमी और ग्रीन ट्रांजिशन के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा की और व्यापार एवं निवेश, ब्लू इकॉनमी, सर्कुलर इकॉनमी, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अंतरिक्ष और आर्कटिक क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

0000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड ने आज नई दिल्ली में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनील चौहान से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की, विशेष रूप से राज्या पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें सीमा सुरक्षा, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम और अग्रिम क्षेत्रों में गुडविल प्रोजेक्ट्स का कार्यान्वयन शामिल रहा।

राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश के दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्रों के अपने हालिया दौरे के अनुभव साझा कर अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा स्थिति और तैयारी का आकलन किया। उन्होंने पूर्वी सीमा के कुछ हिस्सों से उत्पन्न चुनौतियों पर चिंता जताते हुए सीमा प्रबंधन एवं अवसंरचना को मजबूत करने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने सेना की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य सरकार के साथ मजबूत समन्वय बनाए रखा है।

0000000000000000000000000000

परिवहन राज्य मंत्री ओजिङ तासिङ ने आज खोंसा में परिवहन विभाग के आगामी स्वर्ण जयंती समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अब तक किए गए विभिन्न तैयारियों की प्रगति की समीक्षा कर कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। चर्चा में सभी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा जिला प्रशासन और स्थानीय समुदाय के सहयोग को सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। श्री तासिङ ने कहा कि इस अवसर पर बीस आधुनिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष तार ताराक ने आज ज़ीरो स्थित गोल्डन जुबली कॉन्फ्रेंस हॉल में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा

अधिनियम (NFSA) की संयुक्त मूल्यांकन बैठक का नेतृत्व किया। उच्च स्तरीय बैठक में लोअर सुबनसिरी और कई पान्योर जिलों के प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि हर पात्र नागरिक को उसका पोषण अधिकार सम्मानपूर्वक और आसानी से पाप्त हो सकें। स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण विभाग के अधिकारियों, CDPOs और DMO द्वारा सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन प्रोग्राम और जननी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं के संचालन में वित्तीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

0000000000000000000000000000

वेस्ट कामेंग जिले के वांगहो गांव में पाँच दिवसीय “PEAK POTENTIAL - Adventure & Leadership Training Program” का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत आंशु जामसेनपा द्वारा की गई है। यह जीवन-परिवर्तनकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को उनकी वास्तविक क्षमता पहचानने और भविष्य की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से बनाया गया है। इस अवसर पर विधायक शेटेन चोम्बे ने डॉ. जामसेनपा के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सशक्त बनाने, उनमें लचीलापन विकसित करने और उन्हें उत्कृष्टता की ओर मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की रुबी लोम्बो ने इतिहास रचते हुए राज्य की पहली माउंटेन टेरैन बाइक - MTB कोच बनने का गौरव प्राप्त किया है। वे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) द्वारा एशियन माउंटेन बाइक चैंपियनशिप 2026, ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) के लिए टीम इंडिया में चयनित की गई हैं। वे राज्य की एकमात्र महिला कोच हैं। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें बधाई देते हुए टीम इंडिया की सफलता की कामना की।

0000000000000000000000000000

स्पीयर कोर के तत्वावधान में, स्पीयरहेड डिवीज़न द्वारा मेंचुका वैली स्कूल में कक्षा छह और उससे ऊपर के छात्रों के लिए एक हफ़्ते तक चला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। जिसका संचालन भारतीय सेना के योग्य प्रशिक्षकों द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों को आत्मरक्षा की बुनियादी तकनीकों, परिस्थितियों के प्रति सजगता और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिनका लक्ष्य उनकी सहनशक्ति और जीवन के लिए आवश्यक कौशलों को निखारना हैं। इस पहल में छात्रों और शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, और स्थानीय समुदाय ने भी इसकी भरपूर सराहना की।

0000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के सात ज़िलों तवाङ, कुरुङ कुमे, क्रा दादी, शी योमी, दिबाङ वैली, आंजाव और चाङलाङ को छोड़ अन्य सभी ज़िलों के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000000000